संक्षिप्त

समाजसेवी महावीर सिंह तहसील अध्यक्ष

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती ग्राम मऊ निवासी समाजसेवी महावीर सिंह शेखावत को मऊ तहसील अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। राष्ट्रीय करणी सेना की कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। राष्ट्रीय करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवसिंह शेखावत के निर्देशानुसार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राम सिंह सुदराशन के द्वारा श्रीमाधोपुर तहसील का विस्तार करते हुए महावीर सिंह शेखावत मऊ को श्रीमाधोपुर तहसील अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय संरक्षक त्रिलोक सिंह सानिया, सलाहकार सदस्य कुशाल सिंह राठौड, नीमकाथाना जिला अध्यक्ष कल्याण सिंह गणेश्वर, नीमकाथाना जिला उपाध्यक्ष भगत सिंह मऊ, राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह कुमाश, जयपाल सिंह शेखावत, बलवंत सिंह शेखावत, विजेंद्र सिंह शेखावत, युवराज सिंह शेखावत मऊ व करनी सैनिक उपस्थित थे।

जलाशयों में पानी की आवक जारी

बौंली-बामनवास, (निसं)। क्षेत्र में चल रहे सक्रिय मानसून के दौर में हुई अच्छी वर्षा से करीब-करीब सभी जलाशयों में पानी की आवक जारी है एवं क्षेत्र से गुजर रही मोरेल, बनास एवं ढील नदियों में भी पानी बदस्तूर चल रहा है। बौंली उपखंड मुख्यालय की सीमा में स्थित वर्षाकालीन पर्यटक स्थल ढील डैम पर शनिवार को 16 फीट की भराव क्षमता पूर्ण होने के बाद चादर चलने लगी है। बौंली नगर के खारिला छोटा बांध पूरा भर चुका है एवं नागौलाव बांध में करीब 8 फीट पानी आ चुका है इस बांध की भराव क्षमता 10 फिट है। एशिया के सबसे बडे कच्चे बांधों में सुमार मोरेल डैम में करीब 20 फीट पानी आ चुका है। इसकी भराव क्षमता करीब 32 फिट है। क्षेत्र के छोटे बडे सभी तालाब व एनीकट करीब करीब पूरे भर चुके हैं एवं नदियों व निगोह में पानी की आवाक जारी है। अरावली पर्वत श्रृंखला में स्थित जयगढ किले, गुप्तेश्वर मलंग दास जी बाबा की गुफा सहित अन्य झरने कल कल कर बहने लगे हैं इससे नगर वासियों में हर्ष की लहर छाई हुई है।

शपथ ग्रहण समारोह आज

राजगढ , (निसं)। लायंस क्लब की नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह 4 जुलाई को साय 7 बजे टहला बाईपास पर निजी गार्डन में होगा। कार्यक्रम की संयोजक जिनेंद्र जैन ने बताया कि इसका रिंग के मुख्य अतिथि सुनील अरोडा प्रांत पाल, शपथ ग्रहण अधिकारी अशोक ठाकुर पूर्व प्रांत पाल, मुख्य वक्ता, गिरीश गुप्ता रीजन चेयरपर्सन, विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष सतीश दुहारिया सहित अन्य अतिथि होंगे।

करंट लगने से 6 बकरियों की मौत

कोटपूतली, (निसं)। क्षेत्र के ग्राम अजीतपुरा कलां में शनिवार दोपहर बाद बालाजी मंदिर के पास करन्ट लगने से 6 बकरियों की मृत्यु हो गई। ग्रामीण लीलू मीणा ने जानकारी देते हुये बताया कि ग्रामीण सुरेश बावरिया के घर अचानक करन्ट आ गया, जिससे यह घटना हुई। इस दौरान वहाँ सडक पर भरे पानी में भी करन्ट आ रहा था। गनीमत यह रही कि घटना के वक्त कोई भी व्यक्ति मौके पर मौजूद नहीं था। जिससे बडी घटना होने से टल गई।

बगड़ावत गोठ गायन आज

निवाई, (निसं)। रविवार को हरियाली अमावस्या पर गांव बस्सी घाटा में स्थित भेरुजी महाराज के बगडावत गोठ गायन का आयोजन होगा। शोभाराम प्रजापत ने बताया कि रविवार को बगडावत दोपहर गोठगायन का आयोजन होगा जिसमें आसपास के कलाकार गोठ गायन कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में बस्सी, बारेडा, खिडगी, किवाडा, गोवर्धनपुरा, मंडालिया, सिरस, खेडीमानपुर व खेडा सहित आसपास के गांवों के कलाकार व श्रद्धालु शामिल होंगे।

विभिन्न सेवा कार्य आज होगे

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम चिमनपुरा निवासी समाजसेविका स्व. श्रीमती संजू रावत की तृतीय पुण्यतिथि पर रविवार को विभिन्न सेवा कार्यो का आयोजन किया जायेगा। युवा कांग्रेस के पूर्व विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष राकेश रावत ने बताया कि इस मौके पर ग्राम चिमनपुरा में श्रद्धांजलि कार्यक्रम के बाद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही कस्बा स्थित राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में प्रसाद्म कार्यक्रम आयोजित किये जाने के बाद जीवनदाता ब्लड बैंक में रक्तदान किया जायेगा।

इंदिरा कॉलोनी में घुसा बारिश का पानी, नहीं हो रहा समाधान

- शिव मंदिर में आसपास की गंदगी और मलबा भी चला गया

सांभरझील, (निसं)। सांभर की इंदिरा कॉलोनी में हर साल जमा होने वाला बारिश का पानी यहां के लोगों की लिए आज भी परेशानी का कारण बना हुआ है। 20 साल से हर बारिश के मौसम में यहां के लोगों की ओर से मुख्यमंत्री, उपखंड अधिकारी, तहसीलदार, नगरपांलिका, तक को लिख लिख कर दिया जाता हैं, न तो सरकार और न ही प्रशासन दो दशक से इस मसले को गंभीरता से ले रहा है।

यह बताना जरूरी है कि यहां जितने भी परिवार रहते हैं उनमें से अधिकतर दलित, पिछडे गरीब वर्ग के लोग रहते हैं, इसलिए बताया जा रहा है कि उनकी पहुंच आगे तक नहीं होने से विधायक, सांसद और न ही लोकल जन्प्रतिनिधि उनकी सुनते हैं। यहां के तीन दफा पार्षद रह चुके हीरालाल तंवर व वाल्मीकि समाज के अनेक लोग आज भी उनकी पीडा से दुखी हैं। समस्या के समाधान को लेकर वाल्मीकि समाज के अभिलाष तंबोलिया को प्रशासन को लिखकर देना पडा कि कुछ दिनों में शीघ्र समस्या का समाधान नहीं करवाया गया तो टंकी पर चढकर जान दे देंगे। इसी मामले में विश्व हिंदू परिषद के वरिष्ठ अध्यक्ष वकील सुनील शर्मा, सचिव हीरालाल तंवर के संयुक्त नेतृत्व में समस्या के समाधान के लिए मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। इधर एसडीएम के आदेश के बाद नगर पालिका ने पंप सेट लगवाकर बारिश के भरे पानी को निकालने का काम शुरू किया है। बारिश का पानी इतना अत्यधिक भर गया कि आसपास की सारी गंदगी कॉलोनी में जमा हो गई और शिव मंदिर में गंदगी और मलवा तक चला गया। हर साल लोगों की भावना आहत होती है लेकिन प्रशासन इससे पूरी तरह अनजान बना हुआ है।

सांभर की इंदिरा कॉलोनी में बारिश का पानी यहां के लोगों की लिए आज भी परेशानी का कारण बना हुआ है।

मादक पदार्थ जब्त, एक गिरफ्तार

गंगापुर सिटी, (निसं)। वजीरपुर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ स्मैक सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से स्मैक जब्त कर एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर के द्वारा अवैध मादक पदार्थ के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश राजौरा और गंगापुर सिटी पुलिस उपाधीक्षक अरविंद कुमार के निर्देशन में वजीरपुर थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ सहित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। वजीरपुर थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर ने बताया कि वजीरपुर में गश्त के दौरान नाकाबंदी सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति खेडला मोड की तरफ पैदल आ रहा है। पुलिस टीम को देख उक्त व्यक्ति वापस जाने लगा। साथ ही संदिग्ध स्थिति होने पर पुलिस ने उक्त व्यक्ति को रोक कर उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम जयसिंह पुत्र धरमसिंह मीणा निवासी मीना बडौदा थाना वजीरपुर का होना बताया। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे में 3.8० ग्राम स्मैक मिली। इसकी बाजार कीमत करीब 15 हजार रुपए थी।

विज्ञाश्री माताजी का अवतरण दिवस आज

निवाई/ गुन्सी, (निसं)। आर्यिका विज्ञाश्री माताजी का 53 वां अवतरण दिवस समारोह रविवार को श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुंसी में गुरु भक्त व चातुर्मास कमेटी द्वारा मनाया जाएगा। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि आर्यिका विज्ञाश्री माताजी के सानिध्य में राजेन्द्र जैन ड्रीम होम जयपुर, विनोद पाटनी मेडतासिटी द्वारा शांतिनाथ प्रभु की शांतिधारा की जाएगी। इस दौरान माताजी ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि विश्वास जीतना बडी बात नहीं है बल्कि विश्वास को बनाएं रखना बडी बात है। धागा टूट जाये तो जोडने के लिए गांठ बांधनी पडती है।

ठीक इसी तरह यदि कोई रिश्ता टूट जाये तो उसमें भी गांठ पड जाती है। इसलिए रिश्तों में एक दूसरे का भरोसा नहीं तोडना चाहिए।

डॉक्टर दम्पति से मारपीट व गाड़ी के शीशे तोड़ने के आरोपी गिरफ्तार

फुलेरा, (निसं)। जयपुर ठामीण पुलिस अधीक्षक शान्तनु कुमार सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि वांछित व ईनामी आरोपीयों की धरपकड एवं प्रकरण में फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) डॉ. हरिप्रसाद सोमानी के सुपरविजन व वृताधिकारी सांभरलेक सारिका खण्डेलवाल के निर्देशन एवं फुलेरा थानाधिकारी बाबूलाल के नेतृत्व में टीम गठित की गई।

वहीं आगे बताया कि 27 जुलाई को परिवादी ने थाने पर मामला दर्ज कराया कि मैं अपने परिवार के साथ ससुराल से कुचामन सिटी से जयपुर जा रहा था। इसी बीच फुलेरा थाना क्षेत्र की स्टेट हाईवे पर स्थित एक होटल के पास दो युवकों ने मेरी गाडी का पीछा करते हुए मेरी गाडी के आगे अपनी स्विफ्ट गाडी लगा दी। इसके बाद मेरे साथ मारपीट की साथ ही मेरी गाडी स्विफ्ट के शीशे भी तोडकर भाग गये। पुलिस ने उक्त मामला दर्ज करते हुए अज्ञात वाहन व अज्ञात मुल्जिमों की तलाश शुरू कर दी गयी। इसके चलते गठित टीम ने आसूचना संकलन कर घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट वाहन के सीसीटीवी फुटेज खगालें व मुखबीर खास मामूर कर घटना को अंजाम देने वाले आरोपीयों खेताराम पुत्र गोपाल राम जाति जाट उम्र 24 वर्ष निवासी चौसला थाना क्षेत्र नांवा व शंकर लाल पुत्र दानाराम जाति जाट उम्र 34 वर्ष निवासी त्योदा थाना क्षेत्र सांभरलेक को गिरफ्तार किया गया। साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन स्विफ्ट को भी जप्त किया गया।

फुलेरा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया।

भारतीय अंगदान दिवस पर किया जागरूक, दिलाई शपथ

पावटा/कोटपूतली, (निसं)। भारतीय अंगदान दिवस पर कोटपूतली-बहरोड सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत के निर्देश पर जिले के उप जिला अस्पताल पावटा पर कार्यक्रम का आयोजन कर आमजन को शपथ दिलाई गई।

शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर भारतीय अंगदान दिवस का आयोजन कर आमजन को शपथ दिलाई। डॉ. संतोष वर्मा वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा पर आमजन को अंगदान के बारे में जानकारी देते हुए इसके महत्व के बारे में बताया गया कि अंगदान करने वाला एक व्यक्ति कम से कम सात लोगों की जान बचा सकता है।

उन्होंने कहा कि भोजन से भूख खत्म होती है, शिक्षा देने से अज्ञानता दूर होती है, लेकिन अंगदान करने से एक व्यक्ति को जीवन मिलता है। जो अंग विफलता से पीडित लोगों के लिए आशा की किरण है। रविकांत जांगिड जिला नोडल अधिकारी द्वारा आमजन को अंगदान दिवस पर शपथ दिलाई गई।

किसी भी भगवान या धर्म ने यह नहीं कहा है कि अंगदान नहीं किया जाना चाहिए। अंगदान से मृत्यु के बाद भी जीवन बचाया जा सकता है। समाज में अंगदान के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए- केंद्र सरकार की ओर से नया कदम उठाया गया है। प्रत्येक तीन अगस्त को भारतीय अंगदान दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया है।

उप जिला अस्पताल पावटा पर आमजन को शपथ दिलाई गई।

कावड़ चढ़ाने वाले भक्तों का लगा ताता

कावडियों ने परिवार के साथ पूजा अर्चना की और कावड़ चढ़ाई।

पावटा, (निसं)। शिवरात्रि के पावन पर्व पर सावन के महीने में शिव भक्तों की आस्था को लेकर गंगोत्री व हरिद्वार से शिव भक्त कावडिये पावटा कस्बे स्थित बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में कावड चढाते हैं। शिवरात्रि के पर्व पर बाबा भूतनाथ जोहडा धाम मंदिर में महंत जय राम दास महाराज के सानिध्य में कावड चढाने का सिलसिला सुबह 9 बजे से शुरू हो गया था।

कावड लाने वाले कावडियों ने अपने परिवार के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की और पूजा अर्चना करने के बाद शिव मंदिर में कावड चढाई। कावड चढाने वालों के अलावा भी शिव भक्तों का मंदिर में सुबह से ही तांता लगा रहा। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की।

गरीब व जरूरतमंद को न्याय देना न्यायिक प्रक्रिया का मुख्य ध्येय : सुमरथ लाल

- 'बार व बैंच आपसी सामंजस्य से न्याय को सरल बनाने का कार्य करें'
- एडीजे सुमरथ लाल का विदाई एवं एडीजे राजेश कुमार का स्वागत समारोह

कोटपूतली, (निसं)। यहाँ अपर जिला एवं सत्र न्यायालय में एडीजे क्रम 01 सुमरथ लाल मीणा का राजस्थान हाईकोर्ट द्वारा स्थानान्तरण कर हिण्डौन लगाये जाने एवं हिण्डौन से एडीजे राजेश कुमार का स्थानान्तरण यहाँ किये जाने पर अभिभाषक संघ कोटपूतली द्वारा न्यायालय परिसर स्थित सभागार में समारोह आयोजित कर एडीजे मीणा को भावभीनी विदाई दी गई।

वहीं एडीजे राजेश कुमार का स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये एडीजे मीणा ने यहाँ के अपने अनुभवों को साझा करते हुये बैंच के अन्य न्यायाधीशों समेत स्टॉफ सदस्यों व अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में न्यायिक प्रक्रिया बेहद कठिन व महंगी हो चली है। गरीब व जरूरतमंद व्यक्ति को न्याय दिया जाना ही न्यायिक प्रक्रिया का मुख्य ध्येय है।

ऐसे में बार व बैंच आपसी सामंजस्य से न्यायिक प्रक्रिया को सरल व सुलभ बनाने का कार्य करें। एडीजे राजेश कुमार ने भी सभी को साथ लेकर आगे चलने की बात कही। दोनों न्यायाधियों का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन किया गया। वहीं एडीजे मीणा को बार की ओर से स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। इस मौके पर एडीजे क्रम एक राजेश कुमार ने कार्यभार भी ग्रहण किया। संघ के अध्यक्ष एड. दयाराम गुर्जर ने बार व बैंच के आपसी सहयोग बनाये रखने की बात कही। इस दौरान एडीजे क्रम 04 सुरेश कुमार, एसीजेएम डॉ. अजय कुमार विश्रोई व सरिता यादव, एमजेएम सिमरन कौर ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष सुशील यादव, सचिव हेमंत शर्मा, ज्योति शर्मा, जितेन्द्र रावत, सागरमल शर्मा, राजेन्द्र चौधरी, राजेश चौधरी, भोजराज यादव, सत्यवीर पायला समेत बडी संख्या में अधिवक्तगण मौजूद थे।

एडीजे सुमरथ लाल मीणा को हिण्डौन लगाये जाने एवं हिण्डौन से एडीजे राजेश कुमार का स्थानान्तरण यहाँ किये जाने पर सभागार में समारोह आयोजित किया गया।

सार-समाचार

भागवत ज्ञानयज्ञ पोस्टर का विमोचन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। कस्बे के नंद महल मैरिज गार्डन बाईपास तीराहा श्रीमाधोपुर में आगामी 23 अगस्त शुक्रवार से होने वाली संगीतमय श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ की तैयारियां प्रारंभ कर दी गई है। विशाल बोहरा व श्याम सुंदर ने बताया कि नंदकिशोर बोहरा परिवार एवं भक्तजनों की ओर से आयोजित किया जा रहे हैं। कार्यक्रम के पोस्टर का जगह-जगह विमोचन किया गया। कृष्ण कुमार व श्री राम ने बताया कि कार्यक्रम में रेवासा धाम वाले वैदिक लक्ष्मीकांत शास्त्री कथा सुनाएंगे वही 23 अगस्त को प्रात: 9.15 बजे भव्य मंगल कलश यात्रा शाही लवाजमे के साथ श्री गोपीनाथ जी मंदिर श्रीमाधोपुर से नंद महल मैरिज गार्डन श्रीमाधोपुर तक निकाली जाएगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में उमेश चूलेट, दिलीप शर्मा, रवि शर्मा व अन्य युवा, महिलाएं, युवतियां उपस्थित थी।

अभिषेक कर सजाई महादेव की झांकी

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती फुलेरा-बिचून सडक मार्ग स्थित दादूदयाल आश्रम पंचमुखी हनुमान मन्दिर टांका पर शनिवार को तपस्वी संत गोविन्द दास महाराज के सानिध्य में आगमेश्वर महादेव मन्दिर पर भगवान शिव का जलाभिषेक किया गया। इसके बाद पुष्प मालाओं से महादेव की अनुपम झांकी भी सजाकर महाआरती की गई। वहीं आश्रम पर पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान संत महाराज ने कहा कि पर्यावरण को संतुलित रखने के लिए पौधा रोपण जरूरी है। इसी क्रम में आगे बताया कि यहां आश्रम पर पिछले 10-15 वर्षों में सैकडों पौधे लगाकर उनकी नियमित देखभाल की जा रही है। जिसमें से कुछ तो आज पेड बन गए है। इसके साथ ही आगे कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम से एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। साथ ही उसके पेड बनने तक समुचित देखभाल कर संरक्षण भी करना चाहिए। इस अवसर पर समाजसेवी एवं धर्मप्रेमी वेदप्रकाश परीक, छोटू सिंघल, गोपाल पुजारी, रोहित, धर्मप्रेमी सुरेश चौधरी पायल, राकेश गुर्जर, बोदूराम गुर्जर सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

चोरी की वारदात को अंजाम दिया

दूदू, (निसं)। जिले के अधीन पडासोली ग्राम पंचायत मुख्यालय पर संचालित ज्वेलर्स की दुकान पर शुक्रवार की रात को चोरों के गिरोह द्वारा शटर तोडे जाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया तथा वहां रखें सोने चांदी के पुराने आभूषण चुराकर ले गए। दुकान मालिक बिरदी चन्द ने दूदू थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा अवगत कराया की शनिवार की सुबह दुकान आया तो शटर के ताले टूटे हुए पडे थे तथा अलमारी में रखा सामान जिसमें पुरानी चांदी सोने की अंगूठियां पर बालियां नहीं मिली बस सामान बिखरा पडा मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर तलाश शुरू कर दी।

अग्रवाल समाज समिति के चुनाव आज

कोटपूतली, (निसं)। अग्रवाल समाज समिति कोटपूतली के निर्वाचन 2024 के लिये अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महामंत्री पद के चुनाव हेतु मतदान अग्रसेन भवन में प्रात: 8 से दोपहर 3 बजे तक होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि मतदान हेतु 5 मतदान बूथ बनाये गये है। मतदाता मतदान के लिये फोटो युक्त पहचान पत्र (मूल) आवश्यक रूप से साथ लावें। मतदान के बाद मतगणना दोपहर 03.30 बजे से प्रारम्भ होगी। जिसके तुरन्त बाद विजयी प्रत्याशियों को शपथ दिलाई जावेगी।

गुरु वंदन कार्यक्रम का आयोजन

राजगढ , (निसं)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ इकाई की ओर से कल्पना चावला गर्ल्स कॉलेज में गुरु बंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलवर विभाग से संयोजक डॉ आंचल मीणा ने गुरु शिष्य परंपरा को पुरातन संस्कृति का प्रतीक बताते हुए गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। निदेशक दस नेहरू कॉलेज गुरु वंदन के लिए गुरु पूर्णिमा को बेहतर अवसर बताया। कार्यक्रम में अन्य वक्ताओं ने गुरु की महत्व पर प्रकाश डालते गुरु की महिमा का विस्तार सेवर्णन किया। कार्यक्रम का संचालन हंसराज वर्मा ने किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ अर्चना यादव,डॉ सावित्री सिंह, शिवकुमार शर्मा एवं भगवान सहाय सहित अन्य मौजूद रहे।

अवैध रूप से शराब बेचने वाला गिरफ्तार

पहाडी (निसं)। ऑनलाइन ठगी के करोबारी को अवेध रूप से शराब बेचने वाले को लम्बे समय बाद पुलिस ने शनिवार को आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार घाटमीका के ठेकका बास निवासी उमर मोहम्मद पुत्र फ्तेह मोहम्मद को 54 ए आबकारी अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया गया है। गौततलव है की पुलिस ने वर्ष 2022 को गश्त के दौरान पुलिस को घाटमीका की तरफ से आते हुई एक कार को चैक किया था। उसमें ठगी करने वाले को उपकरण मोबाइल व सीम आदि बेचने वाले घोघोर निवासी सन्जी को गिरफ्तार किया गया था।

COLLEGE OF TECHNOLOGY AND ENGINEERING
Maharana Pratap University of Agriculture and Technology UDAIPUR – 313001 (Rajasthan)
No.: CTAE/Acctts/Tender/2024/3404 Date: 31-07-2024
NOTICE INVITING e-TENDERS
Single stage, unconditional bids for supply of various **Hostel mess Services** are invited through online bid submission to **https://eproc.rajasthan.gov.in**; and **Electric maintenance services** are invited through bid submission in hard copy. The last date of bid submission is up to **4:00 PM of 03-09-2024.** The Bids can also be downloaded from the websites **www.mpuat.ac.in** or **http://sppp.rajasthan.gov.in.** In future any corrigendum related to the bids will be available on the above websites only.
UBN:ATU2425SLRC00117 to 119 and ATU2425SSRC00116 **DEAN, CTAE**

उत्तर पश्चिम रेलवे — **ठेकों की ई-ऑक्शन सूचना**
संख्या: जी.450/एनएफआर/ई-ऑक्शन/2024, दिनांक: 02.08.2024

1	कार्य का नाम	जयपुर मंडल के विभिन्न श्रेणी के रेलवे स्टेशनों पर कैटरिंग यूनिट, प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र, विज्ञापन, पार्किंग, एसएलआर लीजिंग, पे एण्ड यूज, एटीएम एवं विविध प्रकार के ठेकों हेतु ई-ऑक्शन।
2	कार्य की अवधि	1. पार्किंग : 03 वर्ष 2. एसएलआर लीजिंग : 02 वर्ष 3. पे एण्ड यूज : 03 वर्ष 4. कैटरिंग : 05 वर्ष 5. प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र : 03 वर्ष 6. विविध प्रकार के ठेके : 03 व 05 वर्ष 7. विज्ञापन संबंधी ठेके : 03 वर्ष 8. एटीएम : 05 वर्ष
3	लॉट के ई-ऑक्शन के प्रारम्भ की तिथि एवं समय	

क्रम	लॉट का नाम	ई-ऑक्शन की तिथि	समय
1.	पार्किंग	09.08.2024	11:15
2.	एसएलआर लीजिंग	14.08.2024	11:15
3.	पे एण्ड यूज	09.08.2024	11:15
4.	कैटरिंग यूनिट	20.08.2024	11:15
5.	प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र	20.08.2024	11:15
6.	विविध प्रकार के ठेके	20.08.2024	11:15
7.	विज्ञापन संबंधी ठेके	20.08.2024	11:15
8.	एटीएम	20.08.2024	11:15

वेबसाइट जहाँ से लॉट वाइज़ ई-ऑक्शन के संबंध में जानकारी प्राप्त की जा सकती है: www.ireps.gov.in
वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक
उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर
911-DK/24
हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें